

तापस बेष बिसेषि उदासी। चौदह बरिस रामु बनबासी।।
जौं पितु मातु कहेउ बन जाना। तौं कानन सत अवध समाना।।

| Ram Katha 930 – मानस वनवास || Shravasti – UP || मोरारी बापू


सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 191 | इंदौर, शुक्रवार 19 जनवरी, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


## रामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में भी इंदौर नंबर वन ही होगा ...

# मां अहिल्या की नगरी में राम ही राम

- पूरे शहर में 22 जनवरी को लेकर अभूतपूर्व उल्लास
- बाजारों के साथ कालोनियों और मोहल्लों में भी सजावट
- जमकर हो रही खरीदी को लेकर व्यापारियों के चेहरे खिले
- मंदिरों में चल रही विशेष तैयारियां

**DGR @ घनश्याम डोंगरे**

इंदौर। पूरे देश में सफाई में नंबर 1 शहर इंदौर न केवल पूज्यनीय मां अहिल्या की नगरी कहलाता हैं, बल्कि यह धार्मिक नगरी होने के साथ-साथ प्रदेश की आर्थिक राजधानी भी कहलाता है, जहां हर त्योहार और पर्व पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है, तो फिर देश के सबसे ऐतिहासिक दिन बनने जा रहे भगवान रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का महोत्सव मनाने में यह शहर कैसे पीछे रह सकता है। पूरे देश में 22 जनवरी को लेकर उत्सव का माहौल है और हर कोई उत्सव को अपने-अपने तरीके से मनाते हुए इसमें शामिल हो रहे हैं। इसी कड़ी में मां अहिल्या की नगरी इंदौर के बाशिंदे भी इस महोत्सव के दिन को यादगार और वर्षों तक न भुलाए जाने वाला दिन बनाने कोआतुर हैं। उनके इस उत्साह के चलते मां अहिल्या की नगरी इंदौर में राम ही राम की भक्ति दिखाई दे रही है। इसे देखकर यह कहना भी अतिश्योक्ति नहीं होगी कि मां अहिल्या का यह शहर अब राम की नगरी बनता नजर आ रहा है।



दरअसल 22 जनवरी 2024 दिन सोमवार देश के इतिहास में एक गौरवशाली दिवस के रूप में स्वर्ण अक्षरों से लिखा जाएगा और इस दिन की गाथा सालों तक सुनाई जाती रहेगी। राम मंदिर आंदोलन का एक लंबा इतिहास रहा है जो सपना अब साकार होने जा रहा है। अयोध्या में नवनिर्मित भव्य मंदिर में श्रीराम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शहरभर में भी उत्साह का माहौल है। कॉलोनी- मोहल्लों में धार्मिक अनुष्ठान हो रहे हैं तो समाज, संस्थाएं और संगठन भी प्रभातफेरियां और यात्राएं निकाल रहे हैं। मंदिरों में विशेष धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला चल रहा है।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि रामलला की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर मेरे आग्रह को 56 व्यापारिक संघ ने भक्ति भाव से स्वीकार किया है। भगवान राम के अवध आने के उत्सव में भी इंदौर नंबर वन ही होगा। यहां बाजार में मंदिर की प्रतिकृति लगाई है और तीन दिवसीय यहां उत्सव होगा। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम के मंदिर की प्रतिकृति 56 बाजार में बनकर तैयार है और इस आग्रह को सभी लोग भाव से स्वीकार कर रहे हैं। इंदौर के मॉल्स में भी राम मंदिर की प्रतिकृति बनने लगी है, दीपक लगने लगे हैं। प्रभु श्री राम के अवध आने की तैयारी लगभग पूरी हो गई है। इंदौर की जनता का अभिनंदन करता हूं कि मुझे लगता है स्वच्छता के साथ-साथ प्रभु श्री राम के आगमन का उत्सव मनाने में भी इंदौर नंबर वन होगा।

शेष पेज 2 पर

प्रथम पेज का शेष

## मां अहिल्या की नगरी में...

**प्रज्वलित होंगे 1.11 करोड़ दीप**



मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले इंदौर 22 जनवरी को करीब 1.11 करोड़ दीप जलाए जाएंगे। राज्य के नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा उत्सव की तैयारियों को लेकर शहर के गणमान्य लोगों की बैठक के बाद यह जानकारी दी। कैलाश विजयवर्गीय ने बताया, राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के उत्सव के तहत 22 जनवरी को इंदौर के घर-घर में 1.11 करोड़ दीप जलाए जाएंगे। इसमें जन प्रतिनिधियों समेत समाज के अलग-अलग तबकों के लोग सहयोग करेंगे। श्री विजयवर्गीय ने यह भी बताया कि राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा उत्सव पर शहर में कम से कम 31,000 स्कूली विद्यार्थियों की चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित करके इस कारनामे को गिनीज बुक ऑफ वल्र्ड रिकॉड्स में दर्ज कराने की कोशिश की जाएगी। विजयवर्गीय ने कहा कि यह चित्रकला प्रतियोगिता भगवान राम और अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर के विषय पर आधारित होगी। उधर,विधानसभा 5 और संस्था श्री माता वसुंधरा सेवा समिति 3 किलोमीटर लंबी रंगोली बना रही है। साथ ही सभी को 22 जनवरी के दिन घरों पर लाइट लगाने, दीप जलाने, मिठाई वितरित करने और आतिशबाजी कर दिवाली बनाने का संदेश भी दिया जा रहा है। संस्था संयोजक राजा कोठारी ने बताया की बंगाली कॉलोनी स्थित होलकर प्रतिमा से रंगोली बनाने का कार्य क्रम आरंभ किया गया है।

### पूरे शहर में मनेगी राम दिवाली

अयोध्या में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा वाले दिन राम पूरे शहर में राम दिवाली मनाई जाएगी। इसे लेकर शहर में जोरदार तैयारियां चल रही है। इसी कड़ी में शहर के 56 दुकान स्थित व्यापारी एसोसिएशन ने फैसला किया है कि 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के मौके पर 56 दुकान बाजार में उत्सव मनाया जाएगा। तीन दिवसीय उत्सव के दौरान यहां पर श्री राम से जुड़े प्रसंग को याद किया जाएगा। इस दौरान कबीर भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, तो नासिक की ढोल-ताशा टीम प्राण-प्रतिष्ठा वाले दिन ढोल भी बजाएगी। दरअसल महापौर के आह्वान पर शहर के व्यापारियों ने अयोध्या राम मंदिर और उससे जुड़े प्रसंगों को राम दिवाली के तौर पर मनाने का फैसला लिया है।

### निकली रही प्रभातफेरियां, शोभायात्राएं

मां हरसिद्धि नवयुवक मंडल और रहवासी संघ ने अयोध्या में राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा और मकर संक्राति को देखते हुए प्रभात फेरी निकाली गई। हरसिद्धि में बालाजी मंदिर से पूजा के बाद में प्रभात फेरी की शुरूआत हुई। प्रभातफेरी का जगह-जगह पर स्वागत भी किया गया।

# अयोध्या में उस दिन भावनाओं का समुंदर उमड़ा था

**◆1992 के श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के दौर के साक्षी रहे वरिष्ठ पत्रकार-छायाकारों ने इंदौर प्रेस क्लब के कार्यक्रम आंखन देखी-कानन सुनी में साझा किए अपने अनुभव**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** अयोध्या में 6 दिसंबर 1992 को भावनाओं का समुंदर उमड़ा था। कारसेवा करने जो लोग पहुंचे थे उन पर किसी का नियंत्रण नहीं था। तमाम बाधाओं को तोड़ते हुए भी मुट्ठी में सरयू नदी की रेत लेकर पहुंचे कारसेवकों ने ये ठान रखा था कि आज यहां से बिना कुछ किए नहीं जाना है। जो माहौल बना था उसके बीच रिपोर्टिंग करना मुश्किल हो रहा था। परेशानी यह भी थी कि वहां से तेज गति से समाचारों को अखबारों के दफ्तर तक कैसे पहुंचाया जाए। आज की तरह उस वक्त संसाधन भी नहीं थे।

1992 के श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के दौर के साक्षी रहे वरिष्ठ पत्रकारों और छायाकारों अपने ये अनुभव गुरुवार को इंदौर प्रेस क्लब द्वारा आयोजित ह्यआंखन देखी-कानन सुनीह्ल कार्यक्रम में साझा किए। वरिष्ठ पत्रकार कृष्णकुमार अष्ठाना, वरिष्ठ पत्रकार हेमन्त शर्मा , वरिष्ठ पत्रकार कीर्ति राणा , वरिष्ठ पत्रकार और छायाकार दिनेश सोलंकी ,वरिष्ठ छायाकार दिलीप लोकरे ,इंदौर प्रेस क्लब अध्यक्ष अरविंद तिवारी ने अनुभव हमारे वरिष्ठ साझा किए। इस अवसर पर डॉ. अर्पण जैन अविचल द्वारा रचित गीत ह्यअवध में आ गए रघुराईह्ल का लोकार्पण भी किया गया और गायक रोहित रघुवंशी का अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया।

## लायंस क्लब यश शर्मा की अधिकारिक यात्रा सम्पन्न

**इंदौर।** लायंस क्लब इंदौर डायनामिक में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर यश शर्मा की आधिकारिक यात्रा, अध्यक्ष सुरेंद्र डाकलिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। अपने स्वागत भाषण में अध्यक्ष ने मंचासीन अतिथियों का शब्दों से स्वागत किया। सचिव ऐस के खंडेलवाल ने क्लब की वर्ष भर की सेवा गतिविधियों से सदन को अवगत कराया। यश शर्मा ने क्लब के सेवा कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की एवं उत्तम सेवा कार्य कर रहे लायन साथियो को पुरुस्कृत भी किया। कोषाध्यक्ष प्रदीप देशपांडे ने क्लब का वर्ष भर का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डी.पी. श्रीवास्तव ने किया एवं आभार डॉ. उषा श्रीवास्तव ने व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. पियूष गाँधी, श्री ऐस ऐस उबेजा, डॉ. देवेंद्र भार्गव, श्रीमती उषा शर्मा एवं शहर के अन्य गणमान्य अतिथि उपस्तिथ थे।



## करणी सेना ने किया अर्जुन अवार्डी तोमर स्वागत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** अर्जुन अवार्डी ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर (प्रिंस बना) का इंदौर आगमन पर करणी सेना के द्वारा स्वागत कर सम्मान किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं की। खरगोन जिले के ठि, रतनपुर मिटावल निवासी ऐश्वर्य के इंदौर में पहुंचने पर श्री राजपूत करणी सेना प्रदेश अध्यक्ष मंजीत कीर्तिराजसिंह मिटावल व उनके टीम ने सम्मान किया और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपने अर्जुन पुरस्कार प्राप्त कर गर्व से एक बार फिर तोमर परिवार और निमाड़ का नाम इतिहास के पन्नो में दर्ज करवा दिया। आप राजपुताने का गौरव हैं ,और हम सब के लिए भी हर्ष और गौरान्वित करनेवाला क्षण है कि ये ऐतिहासिक है क्षण है।

## बैंगलुरू के उच्च स्तरीय दल ने समझी इंदौर की स्मार्ट मीटर योजना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर के मार्गदर्शन में स्मार्ट मीटर परियोजना के तहत प्रभावी कार्य हो रहा हैं। विभिन्न राज्यों से स्मार्ट मीटर अध्ययन यात्रा पर आने वाले उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल को भी स्मार्ट मीटर संबंधी बारीकियों से रूबरू कराया जा रहा हैं। इसी क्रम में कर्नाटक बिजली नियामक आयोग बैंगलुरू के सचिव श्री वारा प्रसाद रेड्डी, तकनीकी निदेशक श्री श्रीनिवासाप्पा, उपनिदेशक श्रीमती उमा एचएम. ने गुरुवार दोपहर पोलोग्राउंड में स्मार्ट मीटर कंट्रोल सेंटर का भ्रमण किया। उन्हें मप्रपक्षेविविकं के निदेशक श्री पुनीत दुबे, , कंट्रोल सेंटर प्रभारी श्री नवीन गुप्ता आदि ने स्मार्ट मीटर, प्रीपेड व्यवस्था की तैयारी व अन्य उपयोगी जानकारी प्रदान की। बैंगलुरू के दल ने स्मार्ट मीटर योजना से उपभोक्ताओं को होने वाले फायदे, स्मार्ट मीटर स्थापना की चुनौतियों, संचार प्रणाली, उपभोक्ता संतुष्टि आदि के बारे में विस्तार से जानकारी ली। दल को कंट्रोल सेंटर के अलावा कॉलोनियों में लगे स्मार्ट मीटर भी बताए गए, बैंगलुरू के वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से इंदौर के स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं से भी फीडबैक लिया गया।

## सलाहकार समिति की बैठक आज

**इंदौर।** दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के अंतर्गत जिला स्तर पर दिव्यांगजनों के लिए जिला स्तरीय सलाहकार समिति गठित है। समिति की बैठक 19 जनवरी को प्रातः 11 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में अनुदान प्राप्त संस्थाओं में सामाजिक न्याय संचालनालय से स्वीकृत पदों की पदपूर्ति, सामाजिक न्याय विभाग की राउ में निर्मित तीन आवासीय विद्यालयों नवीन शैक्षणिक सत्र से प्रारंभ करने पर चर्चा एवं संस्था में सुरक्षा गार्ड आदि की व्यवस्था पर चर्चा की जाएगी।

## कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com

## इंडियन डेंटल एसोसिएशन की ओर से 41वीं आईडीए एमपी स्टेट डेंटल कॉन्फ्रेंस कल से

**◆पहली बार इस लेवल पर आयोजित हो रही कॉन्फ्रेंस के ऑर्गनाइजिंग कमेटी के सभी मेंबर्स फीमेल**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंडियन डेंटल एसोशिएशन की ओर से 41वीं आईडीए एमपी स्टेट डेंटल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ प्रशांति रेड्डी ने बताया कि 19 जनवरी से 21 जनवरी तक ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में होने वाली इस कॉन्फ्रेंस की थीम डेंटिस्ट्री-सेपिंग स्माइल्स चेंजिंग लाइव्स रखी गई है। कॉन्फ्रेंस से पहले दो दिवसीय प्री कॉन्फ्रेंस वर्कशॉप भी आयोजित की जाएगी जिसका आयोजन इंडेक्स और मॉडर्न डेंटल कॉलेज किया जाएगा।

स्टेट प्रेसिडेंट आईडीए डॉ मनीष वर्मा ने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस की खास बात यह है कि इसकी ऑर्गेनाईजिंग कमिटी के सभी 65 मेंबर फीमेल है। यह पहला मौका है कि इस तरह की किसी कॉन्फ्रेंस के सभी ऑर्गनाइजिंग कमेटी मेंबर फीमेल है। दो दिन के इवेंट में 18 नेशनल लेवल के की-नोट स्पीकर और 6 गेस्ट स्पीकर शामिल होंगे, जिसमें दिल्ली, महाराष्ट्र, बंगलौर, गुजरात आदि राज्यों के एक्सपर्ट शामिल होंगे। 20 जनवरी को फिनिक्स हॉल में शाम 5 से 7 बजे तक कल्चरल इवेंट का आयोजन भी किया जा रहा है।

इंटरनेशनल स्पीकर का होगा वर्चुअल लेक्चर

ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ सुपर्णा गांगुली ने बताया कि कॉन्फ्रेंस के दौरान भी दो वर्कशॉप आयोजित की जाएगी जिसमें बच्चों के क्राउन लगने से रिलेटेड और रूट कैनाल ट्रीटमेंट को लेकर वर्कशॉप आयोजित की जाएगी। साइंटिफिक चेयरपर्सन डॉ मधु रात्रे और रोली श्रीवास्तव ने बताया कि कॉन्फ्रेंस सीबीसीटी - हेड और नैक रीजन के लिए एडवांस एक्स - रे पर भी चर्चा होगी। कॉन्फ्रेंस में एक इंटरनेशनल स्पीकर वंदना कुमार अमेरिका का वर्चुअल लेक्चर भी रखा गया है।

# राम आ रहे हैं






# तुम आओ, ना आओ तुम्हारी मर्जी!

## तुम बहिष्कार करो, या ना करो, तुम्हारी मर्जी।

## तुम मुहूर्त, कर्मकांड, मंदिर शिल्प, मन्दिर की पूर्णता, अपूर्णता में कमी निकालो तुम्हारी मर्जी।

**पर सुन लो, और जान लो......**

**पूरा भारत, आमजन, खास जन, बलिदानियों, शहीद कारसेवकों के परिवार, असली शिव सैनिक, सभी खासोआम जगतगुरु, महामंडलेश्वर, देश के सभी तीर्थो के महंत,प्रमुख मंदिरों के आचार्य, पीठाधीश्वर,सभी अखाड़ो के प्रमुख, देश के 1 करोड़ सनातनी, 8000 VVIP, धनकुबेर, अम्बानी अडानी डालमिया, बजाज, प्रमुख उद्यमी, देश के प्रतिष्ठित ऐसे लोग जिन्होंने देश का नाम सम्पूर्ण विश्व मे ऊंचा किया है, नामी खिलाड़ी, रामजी के भक्तजन, शबरी उर्मिला जो 31 सालों से मौन है,**

**अयोध्या के पास के 105 गांवों के ठाकुर जिन्होंने 500 सालों से राम मंदिर बनने तक पगड़ी, जूते नही पहनने की सौगंध खाई वो, और सभी आमोखास वो व्यक्ति जिसके हृदय में राम बसते हैं, और केरल से कश्मीर नेपाल भूटान तक।**

असम बंगाल से राजस्थान गुजरात तक के देश के राम में आस्था विश्वास रखने वाले वे लोग, **जो राम को जीते हैं राम के लिये मरते हैं, जिनका संबोधन राम राम है। जिनकी आस्था, अस्मिता, आत्मगौरव, अभिमान राम हैं, वे सभी, कोई 8000 किलोमीटर से सर पर रामचरण रखे पैदल, कोई कार, कोई गाड़ी, कोई ट्रेन से आ रहे हैं, पर आ रहे हैं,** सब पधार रहे हैं, **पूरा देश नाच रहा है झूम रहा है** जगह-जगह पर पूजा हो रही है, बंदनवार सज रही है सांस्कृतिक कार्यक्रम हो रहे हैं नए-नए गाने बनाए जा रहे हैं नई-नई पुस्तक लॉन्च हो रही है नए-नए भजन बनाए जा रहे हैं सामूहिक कार्यक्रम हो रहे हैं गोष्ठियां हो रही है, चर्चाएं हो रही हैं **पूरा राष्ट्र खुशी के मारे सब कुछ भूल कर नर्तन कर रहा है, कीर्तन कर रहा है, भजन कर रहा है,** हर कोई व्यक्ति **आह्लादित है उमंगित है अर्जित है** 500 सालों का इंतजार खत्म हो रहा है, **राम आ रहे हैं..... हमारे राम आ रहे हैं...** वैसे ही जैसे **रावण** को खत्म करके राम **अयोध्या** पधारे थे. **उस समय केवल अयोध्या ने तैयारियां की थी, अब पूरा देश उनके स्वागत में घी के दीए जला रहा है।।**

**और.... सुनो...**

1. राम मंदिर के भूतल का निर्माण समर्पण निधि के ब्याज से ही हो गया है
2. **नेपाल कंबोडिया सिंगापुर श्री लंका इंडोनेशिया थाईलैंड जैसे कई देशों ने अयोध्या में अपने काउंसलेट बनाने के लिए जमीन मांग ली है**
3. अयोध्या में पर्यटन से 55000 करोड़ सालाना आने वाले हैं आसपास के 6-7 जिलों के आर्थिक परिदृश्य में परिवर्तन आने वाला है.
4. अयोध्या में **160 नए होटल** खोलने के लिए प्राइवेट कंपनियों के प्रस्ताव आ चुके हैं
5. करोड़ों रुपए का चढ़ावा राम मंदिर में रोजाना आने वाला है
6. तुम आओ या ना हो अयोध्या **विश्व का सांस्कृतिक चेतना केंद्र** बनने वाला है
7. तुम मानो या ना मानो 22 जनवरी राम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के दिन **50000 करोड रुपए का** व्यवसाय होने वाला है
8. तुम मानो या ना मानो राम जी के काज में इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने वाली कंपनियों के **शेयरों में कई गुना वृद्धि हो चुकी है** एलएनटी का शेयर 400 से 972 पहुंच चुका है और 4000 तक जाने वाला है
9. अयोध्या में अब **अंतरराष्ट्रीय पुष्पक विमान चलने वाला है और सरयू में अब क्रूज भी चलने वाला है**
10. **22 जनवरी प्रतिष्ठा के दिन संपूर्ण विश्व टेलीविजन पर लाइव जुड़कर पूरे विश्व में एक नया कीर्तिमान बनाने वाला है**
11. **तुम मानो या ना मानो विरोधियों तुम्हारी दुकान पर बस अब ताला पड़ने वाला है**

**अब तुम मानो या ना मानो अब यह देश ही नहीं पूरा विश्व राममय होने वाला है।**

**सिया राम मय सब जग जानी.**
**करहु कृपा जगदंब भवानी**
।। जय सियाराम।।



**Nilesh Vavadia**
**@ की FB पोस्ट से साभार..**

# उत्तरी हवाओं ने बढ़ाई ठंड

## खजुराहो में दिन का टेम्प्रेचर 13.5 डिग्री; ग्वालियर-चंबल में स्कूलों का समय बदला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। उत्तरी हवाओं की चपेट में आने से मध्यप्रदेश के कई शहर दिन में भी ठिठुर रहे हैं। गुरुवार को खजुराहो प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। यहां तापमान 13.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ग्वालियर में पारा 14.7 डिग्री रहा। 15 डिग्री से कम तापमान की वजह से खजुराहो और ग्वालियर में कोल्ड डे रहा। शिक्षा विभाग ने ग्वालियर-चंबल संभाग में सुबह 11 बजे से स्कूल लगाने के आदेश जारी किए हैं। ये आदेश 31 जनवरी तक के लिए है। अन्य जिलों में कलेक्टर मौसम को देखते हुए स्कूलों के समय को लेकर फैसला लेंगे।**

नौगांव, टीकमगढ़, सतना और सीधी में तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। बालाघाट जिले के मलाजखंड में हल्की बारिश भी हुई। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में पारा 24.3 डिग्री, इंदौर में 24.5 डिग्री, जबलपुर में 22.2 डिग्री और उज्जैन में 25.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सबसे अधिक तापमान खरगोन में 28.8 डिग्री दर्ज किया गया। रतलाम और खंडवा में भी तापमान 26 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा।

### 50 से 200 मीटर के बीच रही बिजिबिलिटी

गुरुवार सुबह कोहरे की वजह से रतलाम, दमोह, खजुराहो, रीवा, सीधी, टीकमगढ़, उमरिया में विजिबिलिटी 50 से 200 मीटर के बीच रही। खराब मौसम के कारण रेल यातायात



भी बुरी तरह प्रभावित है। मुंबई और दिल्ली से आने वाली ट्रेनें 5 से 12 घंटे तक की देरी से चल रही हैं। फ्लाइट्स पर भी असर पड़ा है।

मौसम विभाग का कहना है कि उत्तर भारत में वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव है। इसका असर प्रदेश में कम है, लेकिन बर्फीली हवाएं आने लगी हैं। इस कारण प्रदेश में दिन का मौसम बदल गया है। 20 जनवरी के बाद रातें और भी ठंडी हो जाएंगी।

### ग्वालियर, भिंड समेत 25 जिलों में कोहरा

गुरुवार को भिंड, ग्वालियर, मुरैना, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा और मऊगंज में मध्यम से घना कोहरा रहा। अशोकनगर में हल्के से मध्यम कोहरा दर्ज किया गया। रीवा और टीकमगढ़ में न्यूनतम दृश्यता 50 मीटर रही। वहीं, दमोह और जबलपुर में 200 मीटर, खजुराहो और ग्वालियर एयरपोर्ट पर 300 मीटर, रतलाम, सीधी, उमरिया जिलों में 500 मीटर तक विजिबिलिटी रही।

### खराब मौसम का फ्लाइट्स पर असर

भोपाल में लगातार दूसरे दिन इंडिगो ने खराब मौसम के कारण दो फ्लाइट्स कैंसिल कीं। इसमें प्रयागराज से सुबह 11:30 बजे वाली फ्लाइट और मुंबई से आने वाली नाइट फ्लाइट शामिल हैं। कंपनी ने यात्रियों को इसकी सूचना एसएमएस के माध्यम से दी।

# महाकाल के मुख्य पुजारी आज अयोध्या जाएंगे

## पं. घनश्याम शर्मा बोले-शंख अर्पित करूंगा, इसी से भगवान राम का पूजन-स्नान होगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर के मुख्य पुजारी पं. घनश्याम शर्मा आज शाम अयोध्या के लिए रवाना होंगे। इंदौर से आ रहे विशेष रथनुमा वाहन से वे अयोध्या जाएंगे। उन्हें तीन दिन पहले सोमवार को ही रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आमंत्रण मिला। वे अपने साथ महाकाल मंदिर से भस्म, शंख और चांदी के बिल्व पत्र लेकर जाएंगे। पूजन की यह सामग्री राम मंदिर में अर्पित करेंगे।**

पं. घनश्याम शर्मा ने कहा, ह्यह सौभाग्य की बात है कि अयोध्या में भगवान के विराजित होने के अवसर पर हमें उपस्थित होने के लिए आमंत्रण पत्र मिला है। भगवान महाकाल के चरणों में अर्पित करने के बाद चांदी के बिल्व पत्र और शंख ले जा रहे हैं। शंख से भगवान राम का पूजन-स्नान होगा।

उन्होंने कहा, ह्यभगवान विष्णु को शंख, चक्र, गदा, पदम प्रिय हैं। भगवान विष्णु का स्नान और पूजन शंख से होता है। भगवान शिव को त्रिशूल प्रिय है। भगवान शिव का स्नान-पूजन चांदी के पात्र से किया जाता है।

श्री महाकालेश्वर मंदिर से अयोध्या के लिए पांच लाख लड्डू प्रसादी भी भेजी जा रही है। यह प्रसादी प्राण-प्रतिष्ठा वाले दिन वितरित की जाएगी।

**महासंघ ने लिखा था पत्र- प्रसिद्ध मंदिरों के पुजारियों को बुलाएं-** अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आमंत्रण नहीं मिलने पर अखिल भारतीय पुजारी महासंघ की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा गया था। 9 जनवरी को लिखे गए पत्र में कहा गया था कि प्राण प्रतिष्ठा में देश के संतों, महंतों, पीठाधीश्वर और धर्माचार्यों समेत 4 हजार लोगों को आमंत्रित किया गया है। ऐसे में देश के प्रसिद्ध मंदिरों के पुजारियों को भी आमंत्रित करना चाहिए।

अखिल भारतीय पुजारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष और महाकाल मंदिर के वरिष्ठ पुजारी महेश शर्मा ने प्रधानमंत्री के अलावा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को पत्र लिखकर यह अनुरोध किया था।

# छिंदवाड़ा में बोलेरो चढ़ाकर एएसआई की हत्या

## ◆ पेट्रोल पंप से बिना पैसे दिए भाग रहा था बदमाश, चेकपॉइंट पर रौंदा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा में बदमाश ने मध्यप्रदेश पुलिस के असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर पर बोलेरो चढ़ा दी। अस्पताल में उनकी मौत हो गई। बदमाश पेट्रोल पंप से बिना पैसे दिए भाग रहा था। पुलिस ने चेकपॉइंट लगाकर उसे पकड़ना चाहा। एएसआई ने बोलेरो के सामने आकर रुकने को कहा, लेकिन आरोपी स्पीड कम करने की जगह बोलेरो चढ़ाते हुए ले गया।**

एएसआई नरेश शर्मा (52) छिंदवाड़ा जिले के माहुलझिर थाने में तैनात थे। एएसआई को डायल-100 के जरिए सूचना मिली थी कि बोलेरो ड्राइवर परासिया में न्यूटन पेट्रोल पंप से डीजल भरवाकर बिना पैसे दिए भाग रहा है। पंप पर भी उसने किसी को चोट पहुंचाई है।

थाने के सामने एएसआई चेकपॉइंट लगाकर बोलेरो को रोकने के लिए खड़े हो गए। चेकपॉइंट देखते ही आरोपी ड्राइवर ने बोलेरो की स्पीड बढ़ा दी। एएसआई को रौंदते हुए भाग निकला। बाद में पुलिस ने उसे 60 किलोमीटर दूर से पकड़ा। इधर, गंभीर हालत में एएसआई को जिला अस्पताल लाया गया। यहां उनकी मौत हो गई।

### नरसिंहपुर जिले का रहने वाला है आरोपी

शुरूआत में आरोपी ड्राइवर लोकजीत सिंह के खिलाफ धारा 307 में केस दर्ज किया गया। बाद में 302 की धारा का इजाफा किया गया है। ड्राइवर गाडरवारा (नरसिंहपुर) का रहने वाला है। पुलिस के मुताबिक ड्राइवर नशे में था। एएसआई की नाक और सिर में गंभीर चोट आई थी।

### आरोपी ने टोल तोड़ा, लोगों-गाय को टक्कर मारी

आरोपी बोलेरो ड्राइवर ने न्यूटन घाट पर भी कुछ लोगों को टक्कर मारी। कुआंबादला का टोल तोड़ा। देलाखारी में एक गाय को टक्कर मारने के बाद यहां के पुलिस स्टाफ से टकराने से बचा। इसके बाद माहुलझिर आकर एएसआइ को रौंद दिया। आगे जाकर बोलेरो पलटा दी।

पेट्रोल पंप के कर्मियों ने बताया कि आरोपी ने बोलेरो का डीजल टैंक फुल कराया। पैसे मांगे तो गाली-गलौज करने लगा और गाड़ी भगा ले गया। हमने बाइक से पीछा किया तो आरोपी ने हमें कट मार दिया। हम गिरकर घायल हो गए।

### सीएम डॉ. मोहन यादव ने जताया दुख

सीएम ने ट्वीट पर अरक के परिवार को एक करोड़ रुपए की श्रद्धा निधि और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की बात कही। सीएम ने ट्वीट पर एएसआइ के परिवार को एक करोड़ रुपए की श्रद्धा निधि और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की बात कही।

# गुना भाजपा उपाध्यक्ष और समर्थकों पर एफआईआर

## पार्टी पदाधिकारी को धमकाया- तुम यूपी के ग्वाल, वहीं जाओ; चुनाव में विरोध क्यों किया?

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना। गुना में भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष हीरेंद्र सिंह उर्फ बंटी बना पर सिटी कोतवाली में एफआइआर हुई है। उन पर पार्टी के ही गुना जिला उपाध्यक्ष व यादव महासभा के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष आरएन यादव को धमकाने का आरोप है।**

बंटी बना की मौजूदगी में उनके समर्थकों ने यादव के घर पर तोड़फोड़ की। इस पूरे विवाद की यादव ने कॉल रिकॉर्डिंग और फुटेज भी जारी किए थे। कॉल रिकॉर्डिंग में बंटी बना, आरएन यादव को कहते सुनाई दे रहे हैं, ह्यतुमने मेरा चुनाव में विरोध क्यों किया? तुम उत्तर प्रदेश के ग्वाल हो, वहीं जाओ।

यादव ने घटना के अगले 30 दिसंबर को इसकी शिकायत कोतवाली में दर्ज कराई थी। जांच के बाद 5 लोगों पर नामजद केस किया गया है। मुताबिक, घटना 29 दिसंबर की रात 10.17 बजे की है। बंटी बना अपने 10-15 साथियों के साथ आए। वे पिस्तौल, बंदूक और धारदार हथियार लिए हुए थे। घर पर डंडे और पत्थरों से हमला किया। नेम प्लेट तोड़ दी। अंदर घुसकर भी तोड़फोड़ की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुर्दाबाद के नारे लगाए और यादवों को अपशब्द कहे।

बंटी बना भारतीय जनता पार्टी की ओर से राघोगढ़ सीट से विधानसभा चुनाव लड़े थे। जयवर्धन सिंह से उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

फुटेज में बंटी बना भी दिख रहे हैं। हालांकि, अपनी सफाई में कह चुके हैं कि वह समर्थकों को वापस लाने के लिए आरएन यादव के घर पहुंचे थे।

### विधानसभा चुनाव में मिली हार पर विवाद

भाजपा नेता व अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष आरएन यादव गुना शहर की भार्गव कॉलोनी में रहते हैं। वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं, लेकिन पिछले 30 साल से मध्यप्रदेश में रह रहे हैं। उनके पास 29 दिसंबर की रात बंटी बना का कॉल आया। विवाद विधानसभा चुनाव में मिली हार को लेकर है।

# जमीन विवाद में चचेरे भाई की हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देवास।** बागली के उदयनगर थाना क्षेत्र में आने वाले पीपलपाटी गांव के समीप नयापुरा में जमीन विवाद को लेकर दो लोगों ने अपने चचेरे भाई की लकड़ी से पीटकर हत्या कर दी। घटना गुरुवार सुबह की है। सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पुलिस व एफएसएल टीम पहुंची और जांच पड़ताल के बाद शव पीएम के लिए उदयनगर अस्पताल पहुंचाया। मामले में उदयनगर थाना पुलिस ने दो आरोपियों पर प्रकरण दर्ज किया है।

उदयनगर थाना प्रभारी बी.डी. बीरा ने बताया कि मृतक माणक बुधवार रात को अपनी 7 बीघा भूमि पर सिंचाई करने पहुंचा था। आज (गुरुवार) सुबह माणक पिता दरियाव कोली



उम्र 50 निवासी पीपलपाटी पोलाखाल खेत पर बनी अपनी टापरी के समीप अलाव ताप रहा था। इसी दौरान उसका चचेरा भाई कैलाश पिता पेमा कोली, रामेश्वर पिता बाला कोली निवासी पीपलपाटी आए और माणक से जमीन पर फसल बोने की बात पर विवाद करने लगे। इसी दौरान कहासुनी के बाद कैलाश व रामेश्वर ने मिलकर लकड़ी से माणक के सिर पर वार किए। जिसके कारण गंभीर चोट लगने से माणक ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर धारा 302, 294, 506, 34 के तहत केस दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया।

Odisha

# 12 साल बाद हुए जुड़वा बच्चे, मां ने कुएं में फेंककर मार डाला, पोस्टपार्टम डिप्रेशन से थी पीड़ित

**भुवनेश्वर, (एजेंसी)** ओडिशा में एक महिला ने अपने तीन महीने के जुड़वां बच्चों को कुएं में फेंककर पर मार डाला। महिला के बारे में संदेह है कि वह पोस्टपार्टम डिप्रेशन (प्रसवोत्तर अवसाद) से पीड़ित थी। पुलिस ने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तीन महीने के जुड़वां बच्चों में एक लड़की और एक लड़का था। अंगुल जिले के पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने 27 वर्षीय तपस्विनी साहू को हत्या के एक दिन बाद गिरफ्तार कर लिया है। उसने अपने बच्चों को बसाला गांव के मुंडाधिपी साही में घर के पीछे मौजूद कुएं में फेंका था। बच्चों का जन्म 11 अक्टूबर को हुआ था। महिला का पति सुनील एक छोटा व्यापारी है। जुड़वां बच्चे उनकी



पहली संतान थे।

गुरुवार शाम को जब महिला दूध लेने के लिए बाहर गई थी तो उस वक्त दोनों बच्चे सो रहे थे। जब वह वापस आई तो बच्चे वहां नहीं थे। परिवार और उनके पड़ोसियों द्वारा काफी खोजबीन के बाद बच्चों के शव कुएं में तैरते हुए पाए गए। बच्चों को कुएं में तैरते देख हड़कंप मच गया। फौरन स्थानीय लोग उन्हें बंटाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय अस्पताल ले जाया गया। इस बीच परिवार को बच्चों की हत्या के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। गुरुवार की सुबह महिला ने अपने पति के सामने अपना अपराध कबूल कर लिया।

New Delhi

## दिल्ली में दिल दहलाने वाली वारदात: पानी न देने पर रूम पार्टनर की गला घोंटकर हत्या, फिर पंखे से लटकाया शव

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली के निहाल विहार में इंसानियत को शर्मसार करने वाली वारदात सामने आई है। यहां पीने का पानी नहीं देने पर रूम पार्टनर ने नाबालिग के साथ मिलकर एक युवक की गला घोंटकर हत्या कर दी। आरोपियों ने इसे आत्महत्या का रूप देने के लिए शव के गले में रस्सी बांधकर उसे छत से लटका दिया। मृतक की पहचान यूपी हरदोई निवासी रचित के रूप में हुई। गले पर घोंटने का निशान मिलने पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने घटना के बाद से फरार रचित के रूम पार्टनर यूपी के हरदोई निवासी अभय कांत मिश्रा और उसके नाबालिग परिचित को पकड़ लिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि 11 जनवरी को लक्ष्मी पार्क इलाके में एक युवक द्वारा खुदकुशी करने की जानकारी मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि युवक का शव पंखे की रॉड से लटका हुआ है। छानबीन के दौरान छत की लंबाई ज्यादा होने और आसपास कोई टूल वगैरह नहीं होने की वजह से पुलिस को शक हुआ।

पुलिस ने शव को नीचे उतार कर उसकी जांच की। इस दौरान पुलिस को उसकी गर्दन पर निशान मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर हत्या का मामला दर्ज कर लिया। मौके पर छानबीन के दौरान मकान मालिक ने बताया कि रचित और उसके दो रूम पार्टनर इलाके में स्थित एक ट्रांसफार्मर बनाने वाली कंपनी में काम करते थे। पुलिस ने पाया कि घटना के बाद से दोनों रूम पार्टनर गायब हैं।

पुलिस ने उसके साथ रहने वाले अभयकांत के मोबाइल पर संपर्क किया। लेकिन उसका मोबाइल फोन बंद था। पुलिस ने मोबाइल को सर्विलांस पर लगाया। जिसमें पता चला कि वह हरदोई में मौजूद है।

New Delhi

## पिज्जा रेस्टोरेंट में पर्दे के अंदर कपल को देख भड़के दारोगा, लड़कों को पीटा, लड़कियां भागी

**हापुड़, (एजेंसी)** दिल्ली से सटे यूपी के हापुड़ में एक थप्पड़बाज दारोगा का वीडियो सामने आया है. आरोपी दारोगा ना सिर्फ युवकों को थप्पड़ मारते हुए सीसीटीवी में कैद हुआ है बल्कि वो उन्हें गंदी-गंदी गालियां भी दे रहा है. दरअसल ये पूरा मामला हापुड़ नगर कोतवाली क्षेत्र के मोदीनगर रोड का है जहां एक पिज्जा रेस्टोरेंट में दारोगा ने रेस्टोरेंट के रिसेप्शनिस्ट युवक पर जमकर थप्पड़ बरसाए. उसने रेस्टोरेंट में बैठे युवक से भी मारपीट की. घटना से जुड़ा वीडियो रेस्टोरेंट में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया. सीसीटीवी के वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि हापुड़ नगर कोतवाली क्षेत्र के केशव नगर चौकी इंचार्ज दारोगा नसीम अली रेस्टोरेंट के रिसेप्शनिस्ट से न सिर्फ गाली-गलौज कर रहे हैं, बल्कि एक के बाद एक कई थप्पड़ भी लगातार मार रहे हैं. बताया जा रहा है कि दारोगा नसीम अली पिज्जा रेस्टोरेंट में कपल के आने पर अपनी नाराजगी जाहिर कर रहे थे. साथ ही वहां पर्दा लगाए जाने पर उन्होंने आपत्ति जाहिर की. उन्हें रेस्टोरेंट में पिज्जा खाने के लिए आने वाले कपल से इतनी दिक्कत हो गई कि

Tamil Nadu

## जल्लीकट्टू बैल को जबरन खिलाया गया जिंदा मुर्गा; वीडियो वायरल होने पर हंगामा, केस दर्ज

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** तमिलनाडु में जल्लीकट्टू उत्सव में भाग लेने वाले बैल को जिंदा मुर्गा खिलाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इसे लेकर सालेम जिले के एक यूट्यूबर के खिलाफ केस दर्ज किया है। उसने पिछले साल दिसंबर में एक वीडियो पोस्ट किया था। इसमें तीन लोग बैल को पकड़े हुए हैं और उसे जबरन जिंदा मुर्गा खिलाया जा रहा है। वीडियो के वायरल होने के बाद यूट्यूबर रघु के खिलाफ ऐक्शन लिया गया है। पीपल फॉर कैटल इन इंडिया के संस्थापक अरुण प्रसन्ना ने इसे लेकर शिकायत दर्ज कराई थी, जिस पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है।



प्रसन्ना का एनजीओ चेन्नई में स्थित है। उन्होंने मंगलवार को थरामंगलम पुलिस इंस्पेक्टर को मामले को लेकर पत्र लिखा था। इसमें उन्होंने बताया कि बैल शाकाहारी होते हैं और जानवरों को कच्चा मांस खिलाने से उन्हें अज्ञात बीमारियां हो सकती हैं। प्रसन्ना ने लिखा, 'मुर्गे को बेरहमी से पकड़ा गया था। उसे बैल के दांतों के बीच चबाने के लिए रखा गया। जिंदा मुर्गे को धीरे-धीरे चबाकर मौत के घाट उतारा जाना कितना डरावना और दर्द भरा है। इसकी कल्पना करना भी मुश्किल है। बैल को हड्डियां व पंखों को चबाने, खून पीने और मांस निगलने के लिए मजबूर किया गया है।

खेल

# कप्तान रोहित की टी20 विश्व कप को लेकर क्या है रणनीति?

## अफगानिस्तान का सूपड़ा साफ करने के बाद कही यह बात

**बेंगलुरु।** भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज में लगातार दो बार शून्य पर आउट होने के बाद तीसरे टी20 में जबरदस्त वापसी की। तीसरे मुकाबले में उन्होंने तूफानी शतक जड़ा और फॉर्म में वापसी के संकेत दिए। रोहित के अलावा रिंकू सिंह ने भी अपने कप्तान का बखूबी साथ निभाया। 22 रन पर चार विकेट गिर जाने के बाद भारतीय टीम परेशानियों में दिख रही थी।

ऐसे में दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 190 रनों की नाबाद साझेदारी करके टीम को 212 के स्कोर तक पहुंचाया। मैच के बाद रोहित से टी20 विश्व कप संयोजन के बारे में पूछा गया और इस पर उनकी और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ की मानसिकता के बारे में पूछा गया। रोहित ने दो




टूक जवाब देते हुए कहा कि वह जानते हैं कि सभी को खुश रखना संभव नहीं है।

रोहित ने मैच के बाद ब्रॉडकास्टर्स से बात करते हुए कहा कि 15 सदस्यीय टीम का फैसला अभी नहीं किया गया है, लेकिन टीम प्रबंधन अब भी आठ से 10 खिलाड़ियों को चुन रहा है जो दौड़ में हैं। हमने अभी 15 सदस्यीय टीम पर फैसला नहीं लिया है, लेकिन हमारे दिमाग में आठ से 10 खिलाड़ी हैं। इसलिए हम परिस्थितियों के अनुसार ही अपना संयोजन बनाएंगे। वेस्टइंडीज में परिस्थितियां धीमी हैं, इसलिए हमें उसी के अनुसार अपनी टीम चुननी होगी। जहां तक राहुल द्रविड़ और मेरा सवाल है, हमने स्पष्टता बनाए रखने की कोशिश की है। हम उन्हें बताने की कोशिश करते हैं कि प्रदर्शन करने के बाद भी उन्हें क्यों चुना गया है या क्यों नहीं चुना गया है।

रोहित ने यहां तक कहा कि तीसरे टी20 में बेंच पर खिलाड़ी पूछेंगे कि वे क्यों नहीं खेल रहे हैं, लेकिन उनके लिए सभी को संतुष्ट और खुश करना असंभव है क्योंकि केवल 11 खिलाड़ी ही खेल सकते हैं। उन्होंने कहा, 'आप हर किसी को खुश नहीं रख सकते। कप्तान के रूप में मैंने अपने समय में यही सीखा है। आप 15 खिलाड़ियों को खुश रख सकते हैं। तब भी केवल 11 खुश हैं। बेंच पर बैठे चार खिलाड़ी भी पूछते हैं कि वे क्यों नहीं खेल रहे हैं। मैंने सीखा है कि आप हर किसी को खुश नहीं रख सकते हैं और ध्यान टीम के लक्ष्य पर होना चाहिए।

सिनेमा

## बेटे के साथ बाबा महाकाल के दर्शन को पहुंचे सुनील शेट्टी, भस्म आरती में लीन होकर बोले- ऐसा कभी महसूस नहीं हुआ



सुप्रसिद्ध बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी अपने बेटे अहान शेट्टी के साथ बाबा महाकाल की भस्म आरती मे शामिल होने श्री महाकालेश्वर मंदिर उज्जैन पहुंचे। जहां उन्होंने तड़के होने वाली भस्मारती में भाग लिया और भगवान के दर्शन किए। दोनों ने नंदी बाबा का ध्यान भी लगाया। उन्होंने कहा कि वे पहली बार बाबा की भस्मारती में शामिल हुए हैं। उन्हे बहुत अच्छा लगा। अब वे महाकाल दर्शन करने उज्जैन हर साल आयेंगे। विश्वप्रसिद्ध बाबा महाकाल की तड़के होने वाली भस्म आरती में शामिल होने फिल्म एक्टर Suniel Shetty अपने बेटे अहान शेट्टी के साथ 18 जनवरी को महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने अपने बेटे के साथ नंदी हाल से भस्मारती के दर्शन किए व बाबा का ध्यान भी लगाया। उन्होंने मीडिया को बताया कि वे पहली बार अपने बेटे के साथ महाकाल की भस्मआरती मे शामिल हुए हैं। उन्होंने यहां की दर्शन व्यवस्था की भी बहुत सराहना की। उन्होंने कहा कि 'मुझे यहां इतना अच्छा लगा की अब में यहां हर साल दर्शन करने आऊंगा। भस्म आरती में शामिल होने के बाद सुनील शेट्टी ने कहा कि महाकाल के दर्शन पाकर जो महसूस हुआ उन्हें वैसा कभी महसूस नहीं हुआ।'

# संपादकीय

## चीतों की मौत का सिलसिला

यह संभव है कि अफ्रीकी जलवायु के अभ्यस्त रहे चीतों को भारत का मौसम रास नहीं आ रहा हो और उनका शरीर यहां जीवित रहने को लेकर संतुलन बना पाने में नाकाम हो रहा हो। यह भी हैरानी की बात है कि बीते कई महीने से चीतों की मौत का सिलसिला कायम रहने के बावजूद अब तक उनके मरने का कोई स्पष्ट कारण नहीं खोजा जा सका है। मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीतों की मौत की घटनाएं यह बताने के लिए काफी हैं कि उत्साह के बरक्स संरक्षण को लेकर दूरदर्शिता में कमी और पारिस्थितिकी की बारीकियों को नजरअंदाज करना कैसे नतीजे दे सकता है। गौरतलब है कि मंगलवार को कूनो उद्यान में 'शौर्य' नाम के एक चीते की मौत हो गई। नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से लाए गए चीतों में से अब तक दस की मौत हो चुकी है। कुछ समय पहले से ऐसी लगातार घटनाओं को लेकर चिंता जताई जा रही है और अपेक्षा की जा रही है कि सरकार बचे हुए चीतों के जीवन की सुरक्षा के लिए जरूरी उपाय करेगी। मगर जिस तरह कुछ अंतराल पर चीतों की मौत की खबरें आ रही हैं, उससे यह सवाल उठ रहा है कि क्या भारत का मौसम इन चीतों के लिए प्रतिकूल है या फिर यह व्यवस्था और देखरेख में कमी की वजह से उपजी समस्या है। आखिर क्या वजह है कि नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से लाए जाने के कुछ समय बाद चीतों के मरने का सिलसिला शुरू हो गया? अपने मूल देशों के जलवायु में रचे-बसे चीतों को भारत में लाने के साथ क्या यह सुनिश्चित किया गया कि उन चीतों को उनके अनुकूल पारिस्थितिकी मिल सके, ताकि वे अपना स्वाभाविक जीवन जी सकें! भारत में 1952 में आधिकारिक रूप से एशियाई चीतों के लुप्त होने की घोषणा कर दी गई थी। हालांकि उन्नीसवीं सदी के पहले तक भारत और समूचे एशिया में चीते आम थे। मगर बेलगाम शौक के तहत चीतों को कैद करने या फिर उनका शिकार करने की वजह से इस क्षेत्र के ज्यादातर देशों में एशियाई कहे जाने वाले चीते खत्म हो गए। अब करीब सात दशक बाद भारत में चीतों को फिर से बसाने के लिए 'प्रोजेक्ट चीता' के तहत प्रयास शुरू तो हुए, मगर इस बीच कूनो में जो चीते लाए गए, वे अफ्रीकी आबोहवा से जीवन पाने वाले हैं। इस बारे में आई एक खबर में शोधकर्ताओं और वैज्ञानिकों के हवाले से यह भी बताया गया कि इस पुनर्वास के दौरान 'स्थानीय पारिस्थितिकी' के पहलू को नजरअंदाज किया गया। इन चीतों की जरूरत के मुकाबले कूनो राष्ट्रीय उद्यान के आकार को भी बहुत कम बताया गया। हालांकि इस मसले पर उपजी आलोचनाओं और सुप्रीम कोर्ट की ओर से जताई गई चिंता के बाद सरकार ने पिछले साल यह सफाई दी थी कि इस बात पर विश्वास करने का कोई कारण नहीं है कि चीतों की मौतें किसी अंतर्निहित अनुपयुक्तता की वजह से हुईं।

**अर्ज़ किया है..!**

*दुनिया मेरी बला जाने*
*महँगी है या सस्ती है*
*मौत मिले तो मुफ़्त न लूँ*
*हस्ती की क्या हस्ती है*

*-फ़ानी बदायुनी*

॥—२/७॥
MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**जीवन में आपकी सफलता आपके दृश्य और विचारों पर निर्भर करती है...**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## महिला जगत

# बचपन का सपना रह गया अधूरा तो शादी के बाद महिला ने किया सराहनीय काम, बच्चों ने भी दिया साथ



अधिकतर महिलाएं जीवन के कई पड़ाव पर बलिदान देती आईं हैं। परिवार और सपने में से चुनाव करना हो तो अधिकतर मौकों पर महिलाएं परिवार और अपने करीबियों की खुशियों पर चुनती हैं। शादी के बाद तो अक्सर ही महिलाएं खुद के सपनों को भूल जाती हैं और पति व बच्चों के सपनों को अपना बना लेती हैं। हालांकि एक महिला ने शादी के बाद अपने बचपन के अधूरे सपने को पूरा किया। ये आसान नहीं था, महिला पत्नी ही नहीं एक मां भी है, लेकिन आज सफलता हासिल करके वह हर बच्चे और महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गई हैं। महिला पश्चिम बंगाल की रहने वाली हैं। आइए जानते हैं महिलाओं के लिए प्रेरणा बनी इस मां की सफलता की कहानी।

### ◆ पश्चिम बंगाल बोर्ड परीक्षा परिणाम 2023

मई 2023 में पश्चिम बंगाल उच्च माध्यमिक शिक्षा संसद (WBCHSE)ने 12वीं बोर्ड के परिणाम 2023 घोषित किए, जिसमें 89.25% छात्र उत्तीर्ण रहे। 12वीं की परीक्षा के परिणाम के लिए एक परिवार बहुत उत्साहित था और रिजल्ट देख उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। एक मां भी इस परीक्षा में शामिल हुई थी। खास बात ये है कि मां ने अपने बेटे के साथ परीक्षा दी और उससे अधिक नंबर से पास हुईं हैं।

### ◆ 6वीं के बाद लतिका ने छोड़ी पढ़ाई

महिला बंगाल के शांतिपुर की रहने वाली हैं। इस महिला का नाम लतिका मंडल है, जो कि 38 साल की हैं। लतिका मंडल के परिवार की आर्थिक स्थित ठीक न होने के कारण उन्होंने 6ठी के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी। वह स्कूल जाना चाहती थीं लेकिन उनके माता पिता उन्हें पढ़ाने में सक्षम नहीं थे।

### ◆ शादी के बाद लिया स्कूल में दाखिला

जब लतिका 20 साल की थीं, तो उनकी शादी हो गई। लतिका मंडल के पति दिहाड़ी मजदूर हैं। परिवार को संभालने के साथ ही लतिका ने अपने सपने को पूरा करने की ठानी और पड़ोसी की मदद से रबींद्र मुक्त विद्यालय में दाखिला लिया। साल 2020 में लतिका और उनकी बेटी ने एक साथ 10वीं की परीक्षा दी और अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुईं। उसके बाद उन्होंने नरसिंहपुर हाई स्कूल में दाखिला लिया और 11वीं की पढ़ाई कला स्ट्रीम से की।

### ◆ बेटे संग पास की 12वीं की परीक्षा

लतिका का बेटा पूर्व बर्धमान के कालना महाराज हाई स्कूल में पढ़ता था। इस साल मां और बेटे की जोड़ी ने 12वीं की परीक्षा दी और अच्छे अंक प्राप्त किए। लतिका और उनका बेटा साथ पढ़ते थे। परीक्षा में लतिका ने बेटे से अधिक अंक हासिल किए। लतिका ने 500 में से 324 अंक प्राप्त किए तो वहीं उनके बेटे सौरव ने 284 अंक हासिल किए।

लतिका मंडल पढ़ाई जारी रखना चाहती हैं और स्नातक की डिग्री हासिल करना चाहती हैं। उनके बेटे का लक्ष्य कॉलेज खत्म करने सरकारी नौकरी की तैयारी करना है।

## Highlights

1. **Calcutta HC rejects PIL against Sampriti Rally on January 22**
2. **Jagan to unveil Ambedkar statue in Vijayawada on Friday**
3. **Maharaja's College in Kochi shuts down over protests**
4. **PM Modi shares playlist of 62 'bhajans' dedicated to Lord Ram**
5. **Zero tolerance for such misconduct: Ashwini after TTE seen slapping passenger**
6. **Don't throw me out: Mahua to HC after being asked to vacate Delhi bungalow**

# Reliance Industries Q3 results LIVE updates: Shares fall flat ahead of quarterly report; what to expect

**NEW DElHI, (Agency).** Reliance Industries Q3 results LIVE updates: The quarterly results of Reliance Industries Limited (RIL) will be released today, with the shares of the company ahead of the report falling flat on the stock market on Friday.

According to predictions by multiple brokerages, the Mukesh Ambani-led mega-conglomerate is expected to deliver decent numbers for the quarter ending in December 2023, mostly due to the massive expansion in multiple sectors in FY2024 and its strong operating efficiency.

RIL's growth is expected to be driven by its digital and retail business for the last quarter, and its oil-to-chemical as well as petroleum business is expected to deliver



subdued results for December 2023.

Meanwhile, Reliance share price has fallen flat on the stock market ahead of the result reports, showing a decline of less than 0.50 percent during the early trading hours. As of 10 am on Friday, RIL shares stood at ₹2,725.05 apiece.

Not just Reliance Industries Limited, but several other major firms are expected to announce their Q3 results today, likely to have a significant impact on the stock market next week.

It is expected that the surge in the stock market benchmark today will maintain the share prices of Reliance, especially with positive Q3 predictions.

While RIL is expected to see a boost in its quarterly performance, its oil-to-chemical and petroleum business is likely to report subdued profits in December 2023 quarter.

While Reliance shares opened at a slight spike from the previous close, the share prices dipped by 0.40 percent during early trade hours, falling to ₹2,725.05 apiece.

# PepsiCo announces Jagrut Kotecha as its new India chief

**NEW DElHI, (Agency).** In a "dynamic and forward-thinking global approach", PepsiCo India announced a leadership-level transition. The food and beverage manufacturer's India team has made Jagrut Kotecha, the current chief commercial officer of PepsiCo Africa, Middle-East and South Africa (AMESA), its CEO. The move came after incumbent chief executive Ahmed El Sheikh was given responsibility for the company's Middle East branch after his seven-year-long stint with the India team.



The company said the decision was made as a part of its series of leadership changes across AMESA and communicated to the India employees yesterday.

"India remains a pivotal market for PepsiCo, playing a crucial role in our global strategy. Over the last six years, Ahmed has been instrumental in transforming our business, driving innovation and steering the team through challenging landscapes. I am equally excited to welcome Jagrut to the India executive team and am certain that we will scale new zeniths of success under his leadership with our Indian consumers," Eugene Willemsen, CEO of Africa, Middle-East and South Asia, said in a statement.

# खदान में बच्चों ने सुनी नवजात के रोने की आवाज

## ग्रामीणों ने एंबुलेंस की मदद से पहुंचाया अस्पताल, बच्ची स्वस्थ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **समीपस्थ पीथमपुर के आकोलिया मरीमाता टेकरी पर खदान में गुरुवार को कुछ बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे तभी उन्हें एक बच्चे की रोने की आवाज आई। बच्चों ने तुरंत इसकी सूचना ग्रामीणों व अपने परिजनों को दी। ग्रामीणों ने खदान पर जा कर देखा तो एक नवजात बच्ची गंदी हालत में एक टाट के बोरे में लिपटी रो रही थी।**

उन्होंने बच्ची को अपने कब्जे में लेकर इसकी सूचना 108 एंबुलेंस और डायल 100 को दी। उसके बाद बच्ची को पास के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने नवजात बच्ची को पूरी तरह से स्वास्थ बताया है। वहीं वह अभी डॉक्टरों की देख रेख में हे।

108 प्रभारी सुजान सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीणों से सूचना प्राप्त हुई थी कि मरीमाता टेकरी के पास स्थित एक खदान में एक नवजात शिशु पड़ी है। हम तुरंत मौके पर पहुंचे व बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर आए। जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने बच्ची को स्वास्थ बताया।

ग्रामीण रानू बाई ने बताया कि खदान के पास बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे, तभी बच्चे की रोने की आवाज आई, बच्चों ने हमे सूचना दी, हम तुरंत खदान पर पहुंचे, तो बच्ची एक टाट के बोरे में ठंड के कारण बुरी तरह कांप रही थी। हमने तुरंत बच्ची को गर्म कपड़ें में रख कर सफाई कर 108 व डायल 100 को सूचना दी।

वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की नर्सिंग आफिसर वंदना बाके ने बताया कि 108 से बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर आया गया। प्राथमिक उपचार के बाद बच्ची पूरी तरह ठीक है। पांच-सात घंटे पूर्व बच्ची के पैदा होने का अनुमान है। अभी उसे आईसीयू में रखा गया है व जिला प्रशासन को सूचना दे दी गई है।

### गैस एजेंसी से रुपए लेकर भागा

# लोगों ने पकड़कर की पिटाई; एएसपी ऑफिस के पास की घटना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **महू के कोतवाली चौक पर एएसपी ऑफिस के पास में एक गैस एजेंसी से युवक रुपए लेकर भाग गया। एजेंसी की महिला कर्मचारी के चिल्लाने पर लोगों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। इस दौरान भीड़ ने चोर की पिटाई कर दी। इसके वीडियो भी सामने आए हैं। घटना गुरुवार शाम करीब 6:45 बजे की है।**

महू में एएसपी ऑफिस के पास निजी गैस एजेंसी का ऑफिस है। ऑफिस में कैशियर लक्ष्मी रुपए गिन रही थी। इसी दौरान गैस एजेंसी में कनेक्शन लेने के बहाने आया युवक और मौका लगते ही 200 के नोट की गड्डी लेकर भाग गया। लक्ष्मी के चिल्लाने पर यहां मौजूद लोग युवक के पीछे भागे, करीब आधा किलोमीटर दूर जाकर लोगों ने चोर को पकड़ लिया, उसकी पिटाई भी की। वारदात का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसमें वह पैसे लेकर भागता नजर आ रहा है।

### विक्की यादव हत्याकांड का मामला

# आरोपी के घर की नपती करने पहुंची टीम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। महू कोतवाली क्षेत्र में 15 जनवरी को आपसी विवाद में युवक विक्की यादव की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। इसके बाद प्रशासन ने निर्देश पर छावनी परिषद की टीम आरोपी आरोपी मनीष यादव के घर पहुंची। उसके मकान की नपती की। टीम ने आसपास बने घरों की भी नपती की। कुछ समय में वहां बड़ी संख्या में लोग पहुंच गए। कोतवाली में आने वाले जोशी मोहल्ले में युवक की हत्या के बाद उसके परिजनों ने शव रोड पर रख आरोपी का मकान तोडऩे की मांग की थी। प्रशासन ने परिजनों से समय मांगा था। उनसे कहा गया था कि कैंटोनमेंट बोर्ड से नपती कराई जाएगी। मृतक के परिजनों का कहना है कि हमने आरोपी के मकान तोडऩे को कहा था, लेकिन अभी तक मकान नहीं तोड़ा। छावनी परिषद के अधिकारी दूसरे घरों की नपती कर रहे हैं। हमें किसी का नुकसान नहीं करना है, जो आरोपी है उसका घर तोड़ा जाए। रहवासी इक_ा होकर मोती महल चौराहे पहुंच गए। वे एडिशनल एसपी से मिलकर अपनी मांग रखेंगे।

## चोरो ने किया पुलिस कस्टडी में हंगामा :रस्सी गले में फंसाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। लसूडिय़ा पुलिस ने चोरी के मामले में खुलासा करते हुए तीन चोरो को पकड़ा। गुरूवार को इस मामले में जोन 2 के डीसीपी ने पलासिया पुलिस कंट्रोल रूम में खुलासा कर रही थी। यहां चोरो ने खुद को निर्दोष बताते हुए हंगामा कर दिया। एक चोर ने गले में रस्सी डालते हुए जान देने की बात कही। उनका कहना था कि पुलिस ने उन्हें झूठा फंसाया है। हालाकि हंगामा करने वाले बदमाशो पर पूर्व में भी अपराध दर्ज है। लसूडिया पुलिस ने लाखो रुपए की चोरी के मामले में प्रवीण गुडिया निवासी ढाबली काकड,लोकेश सिंह चौहान और रविन्द्र मंडलोई नाम के आरोपियों को पकड़ा। गुरूवार को डीसीपी अभिषेक आंनद ने मामले में खुलासा किया। इधर एक आरोपी ने गले में रस्सी बाधंकर सुसाइड का प्रयास किया। जिसे लसूडिया थाने के सिपाही ओर अन्य सिपाहीयो ने पकड़ा। आरोपियों का कहना था कि पुलिस ने उन्हें जबरन फंसाया है। अफसरों के मुताबिक आरोपियों पर पहले के केस दर्ज है। पुलिस के मुताबिक अभी की चोरियों में आरोपियों से करीब 5 लाख का माल जब्त किया गया है।

# नदी में मिला महिला का शव, पति पर हत्या का आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **गौतमपुरा में रहने वाली एक महिला का शव चंबल नदी में मिला है। मायके पक्ष ने महिला के पति पर हत्या का आरोप लगाया है। परिवार का आरोप है कि पति ने ही उसे मारकर फेंका है। महिला को एक माह पहले ही उज्जैन महिला थाने से समझाइश के बाद गौतमपुरा उसके ससुराल भेजा था। पुलिस ने महिला के शव का पोस्टमार्टम कराया है।**

पुलिस के मुताबिक घटना गुरुवार शाम 5 बजे की है। गौतमपुरा से 6 किलोमीटर दूर चंबल नदी में कविता माली का शव मिला। उसे लेकर पति नरेन्द्र इलाके के महावीर अस्पताल पहुंचा। पति का कहना था कि पत्नी बिना बताए घर से चली गई। उसने चंबल नदी में कूदकर जान दे दी। महिला का मायका उज्जैन का है। उसके भाई के मुताबिक चार बजे के लगभग बहन से बात हुई थी। वह मोबाइल पर रो रही थी। इसके बाद अचानक फोन कट गया। देर शाम उन्हें बहन की मौत की सूचना मिली। परिवार ने बताया कि उसके सिर, आंख और गले पर चोट के निशान हैं।

पति और अन्य लोग उसे लेकर महावीर अस्पताल पहुंचे। परिवार ने बताया कि दंपती की शादी को 6 साल हो गए। उनका एक साल का बच्चा है। काफी समय से दोनों के बीच अनबन चल रही थी। जिसमें कविता उज्जैन में ही थी। इसके बाद उसे उज्जैन पुलिस से समझाइश देकर ससुराल वालों के साथ गौतमपुरा भेजा। पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट ओर परिवार के बयान के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# इंजीनियर और उसके भाई को मारे चाकू

## ◆ बाइक सवार पर लूटने की नीयत से हमला

इंदौर। **चंदन नगर, हीरानगर और तुकोगंज में चाकूबाजी की वारदातें हो गई। चंदन नगर में सॉफ्टवेयर इंजीनियर और उसके भाई पर तीन युवकों ने चाकू से हमला कर दिया। दोनों को उपचार के लिये अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने हत्या के प्रयास जैसी धाराओं में केस दर्ज किया है।**

बीती रात सुखलिया में भी युवक पर चाकू से हमला किया गया। उस पर आरोपियों ने तीन से ज्यादा चाकू के वार किये। पुलिस ने मामले में केस दर्ज किया है। वहीं तुकोगंज में भी बीती रात चाकूबाजी की वारदात हो गई।

चंदन नगर पुलिस के मुताबिक राजनगर में रहने वाले सॉफ्टवेअर इंजीनियर अमन मालवीय ने बताया कि देर रात इलाके में रहने वाला तन्ना और उसके दो साथी जोर-जोर से बात कर रहे थे। वह देखने बाहर आया। तो तन्ना से विवाद हो गया।

अमन और तन्ना के बीच मारपीट भी शुरू हो गई। इस दौरान अमन का भाई अनिकेत बचाव के लिये आया तो आरोपियों ने चाकू निकाले। जिसमें अमन के सिर पर चाकू से हमला कर दिया। वहीं अनिकेत की पसली में आरोपियों ने चाकू मार दिया। आरोपी मौके से भाग गए। बाद में दोनों भाईयों को पहले जिला अस्पताल भेजा गया। यहां से रैफर कर एमवाय किया गया। पुलिस ने तन्नू ओर उसके साथियों की तलाश शुरू कर दी है।

### बाइक सवार को मारे चाकू

हीरानगर इलाके में बीती रात बाइक सवार गोविंद पुत्र जगदीश निवासी सुखलिया पर जनकपुरी के यहां बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। गोविंद के शरीर पर तीन से ज्यादा चाकू के निशान मिले। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक लूट के इरादे से गोविंद पर हमला करने की बात सामने आ रही है।

वहीं तुकोगंज इलाके की पहाडिय़ा होटल के पास महेन्द्र निवासी कम्पेल पर भी बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। देर रात उसे भी उपचार के लिये एमवाय भेजा गया।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक